दिन– शुक्रवार दिनांक– 27 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल पूरे राजकीय सम्मान के साथ नई दिल्ली में किया जाएगा। कांग्रेस के महासविच के.सी वेणुगोपाल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री की अंतिम यात्रा कल सुबह साढ़े नौ बजे कांग्रेस मुख्यालय से निकाली जायेगी। पूर्व प्रधानमंत्री का कल उम्र संबंधी बीमारियों के कारण बानवें साल की उम्र में निधन हो गया था। वे कांग्रेस नेतृत्व वाली यू.पी.ए. सरकार में वर्ष दो हजार चार से दो हजार चौदह तक दो बार प्रधानमंत्री रहे। वे भारत के तेरहवें प्रधानमंत्री थे। इससे पहले वे उन्नीस सौ इक्यानवे से उन्नीस सौ छियानवे तक पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे। वित्त मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है।

——————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में शोक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई। मंत्रिमंडल ने सरकार और समूचे राष्ट्र की ओर से डॉ० मनमोहन सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

——————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए सार्वजनिक कार्यालयों में अपनी

विभिन्न भूमिकाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बताया, जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक ईमानदार और महान अर्थशास्त्री के तौर पर याद किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि देश जब आर्थिक संकट से गुजर रहा था तब मनमोहन सिंह ने देश की आर्थिक स्थिति को ठीक करते हुए उसे नई दिशा प्रदान की।

———————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरलता, ईमानदारी और उत्कृष्ट आर्थिक नीतियों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने डॉ. सिंह के निधन को भारत की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी डॉ. सिंह के निधन पर गहरी संवेदना जताई है।

———————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। आज प्रस्तावित सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए है।

———————————————————

बिहार सरकार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर एक सप्ताह का राजकीय शोक घोषित किया है। दिवंगत नेता के सम्मान में सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर और वैशाली मे प्रस्तावित अपनी प्रगति यात्रा को रद्द कर दिया है। इन दोनों जिलों में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा अब पांच और छह जनवरी दो हजार पच्चीस को पुनर्निर्धारित की गई है। इधर, तिरहुत स्नातक उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय वंशीधर

बृजवासी का आज विधान परिषद में प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह भी टाल दिया गया है। शपथ ग्रहण की नई तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी।

——————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज किशनगंज में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के अधिकांश भागों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। विभाग मे पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों के कुछ स्थानों पर कल वज्रपात के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

——————————————————————

समाप्त